श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
27.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष पूर्णिमा संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 183

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:19 बजे
अस्त - 05:58 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ भूमि पूजन >> पेज 03
गोविंदा-सुनीता के तलाक की खबरों पर वकील ने किया बड़ा खुलासा >> पेज 04

**सुविचार**
धोखा बादाम की तरह होता है, जितना खाओगे उतनी अक्ल आती है

**न्यूज अपडेट्स**

### शिवरात्रि पर लाउडस्पीकर लगाने पर झड़प

**हजारीबाग।** लाउडस्पीकर लगाने के दौरान हिंदुस्तान चौक पर दोनों समुदायों के बीच झड़प हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शिवरात्रि पर गाना बजाने के लिए लाउडस्पीकर लगाने के दौरान यह घटना घटी। उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया। एक ऑटो में भी तोड़ फोड़ की गई है। वहीं, पूरी सड़क पर पत्थर के टुकड़े पड़े नजर आए। प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को शांत करवाया है। प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है दोषियों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

**महाकुंभ** दिन चढ़ने से पहले महाकुम्भ में उदय हुआ महारिकॉर्ड

# 65 करोड़ पार हुई श्रद्धालुओं की संख्या

**महाकुम्भ नगर।** टिमटिमाते तारों के नीचे महाकुम्भ नगरी प्रयागराज में संगम किनारे आसमान से देखिए तो तारों का शहर बहुत खूबसूरत लगता है। लगता है जैसे किसी ने सारे तारे लाकर त्रिवेणी के किनारे टांक दिए हों। आज यानी 26 फरवरी को ब्रह्म मुहूर्त के साथ शिवरात्रि का स्नान शुरू हो चुका है। संगम की धरती पर भले ही दिन पूरी तरह न चढ़ा हो, लेकिन एक नये कीर्तिमान का उदय हो चुका है। महाकुम्भ का यह अंतिम स्नान है। स्नान की शुरूआत के साथ ही महाकुम्भ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 65 करोड़ के विशाल आंकड़े को पार कर गयी है। जो अपने आप में नया और ऐतिहासिक कीर्तिमान है। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या दुनिया के 200 से अधिक देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुम्भ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है। बता




दें, उत्तर प्रदेश सरकार को महाकुम्भ में 45 करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान था। अब तक 65 करोड़ से ज्यादा कर चुके स्नान : आज मेले का अंतिम और 45वां दिन है। मंगलवार को 1.33 करोड़ ने आस्था की डुबकी लगायी थी। आज प्रातः 4 बजे तक 25.64 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके है। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 13 जनवरी से अब तक 65.41 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। आज मेले का अंतिम दिन है। आज शिवरात्रि पर 3 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यानी, कुल आंकड़ा 68 से 69 करोड़ तक पहुंच जाएगा।

### दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश महाकुम्भ नगर

चीन व भारत को छोड़ उतने लोग आए, जितनी दुनिया के बड़े देशों की जनसंख्या नहीं है। अमेरिका, रूस, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान की आबादी से ज्यादा लोग महाकुम्भ नगर में आ चुके हैं।

### मुख्य स्नान पर्वो बढ़ी भीड़

महाकुम्भ की शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हुई। इस दिन 1.70 करोड़ ने संगम में पुण्य की डुबकी लगायी थी। इस स्नान के अगले ही दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति को प्रथम अमृत स्नान था। इस दिन 3.50 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाकर पुण्य की भागी बनें। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन दूसरा अमृत और महाकुम्भ का तीसरा स्नान था। इस दिन दुखद हादसा भी पेश आया था, जिसमें 30 श्रद्धालु जान गंवा बैठे थे। दूसरे अमृत स्नान के दिन 7.64 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 03 फरवरी बसंत पंचमी को तीसरा और अंतिम अमृत स्नान था। इस दिन 2.57 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचे। 12 फरवरी माघ पूर्णिमा के दिन महाकुम्भ का पांचवां स्नान सम्पन्न हुआ। इस दिन 2.04 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। इसी दिन स्नान दान के साथ एक महीने से चले आ रहे कल्पवास का भी समापन हुआ।

### वसंत पंचमी के बाद भीड़ कम नहीं हुई

प्रायः यह माना जाता कि वसंत पंचमी के स्नान के बाद मेले में भीड़ कम हो जाती है। क्योंकि वसंत पंचमी को अमृत स्नान के बाद अखाड़े अपने अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। 3 फरवरी को वसंत पंचमी के स्नान के दो दिन बाद तक भीड़ थोड़ी कम रही। लेकिन 6 फरवरी से श्रद्धालुओं का जो रेला प्रयागराज पहुंचना शुरू हुआ, वो अब तक लगातार जारी है। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के स्नान में 2.04 करोड़ शामिल हुए थे। 13 फरवरी को 85.46 लाख, 14 फरवरी को 96.98 लाख, 15 फरवरी को 1.36 करोड़, 16 फरवरी को 1.49 करोड़, 17 फरवरी को 1.35 करोड़, 18 फरवरी को 1.26 करोड़, 19 फरवरी को 1.08 करोड़, 20 फरवरी को 1.28 करोड़, 21 फरवरी को 1.28 करोड़, 22 फरवरी को 1.43 करोड़, 23 फरवरी को 1.32 करोड़, 24 फरवरी को 1.30 करोड़ और 25 फरवरी को 1.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगायी।

### हर दिन डेढ करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

इस बीच, महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। पिछले सात दिनों में महाकुम्भ में रोजाना एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी की धारा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हो चुके हैं। अगर औसत की बात की जाए तो अब तक हर रोज डेढ करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। श्रद्धालुओं की यह संख्या अपने आप में एक महारिकॉर्ड है।

### विशेष स्नान पर्वों पर श्रद्धालुओं की संख्या

13 जनवरी (पौष पूर्णिमा, महाकुम्भ की शुरूआत) को 1.70 करोड़
14 जनवरी (मकर संक्रांति, प्रथम अमृत स्नान) को 3.50 करोड़
29 जनवरी (मौनी अमावस्या, दूसरा अमृत स्नान) को 7.64 करोड़
03 फरवरी (वसंत पंचमी, तीसरा और अंतिम अमृत स्नान) को 2.57 करोड़
12 फरवरी (माघी पूर्णिमा स्नान) को 2.04 करोड़

# राज्यसभा सांसद महुआ मांझी की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, आर्किड में इलाजरत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव के पास बुधवार की अहले सुबह एनएच 39 पर राज्यसभा सांसद महुआ माझी की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में राज्यसभा सांसद के हाथ में गंभीर चोट आई है। उन्हें लातेहार में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। हालांकि चिकित्सकों के अनुसार सांसद की स्थिति खतरे से बाहर है। इधर घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में महुआ मांझी, उनके बेटे सोमबीत मांझी, बहू कृति श्रीवास्तव मांझी और चालक भूपेंद्र बासकी जख्मी हो गए। घटना के वक्त सांसद का परिवार महाकुंभ से स्नान कर लौट रहा था, और उनकी कार की टक्कर घटनास्थल



पर खड़ी ट्रक से हो गई। बताया जा रहा है कि कार उनका बेटा चला रहा था इसी दौरान नींद आने के कारण कार एक ट्रक में जाकर टकरा गई। इस दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सांसद महुआ मांझी का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की और 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सभी जख्मियों को लातेहार सदर अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और फिर बेहतर इलाज के लिए सभी को रांची के आर्किड अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### मुख्यमंत्री और कल्पना ने घायल महुआ से की मुलाकात



**रांची।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई राज्यसभा सांसद महुआ माजी से बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने मुलाकात की और उनका कुशल क्षेम पूछा। महुआ माजी को एचबी रोड स्थित ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने घायल राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी के चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सुधार से संबंधित जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी और उनके परिजन महाकुंभ स्नान कर वापस रांची लौट रहे थे, बुधवार के अल सुबह लातेहार जिला स्थित होटवाग गांव के समीप पहुंचते ही उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में डॉ. महुआ माजी एवं उनके परिजन घायल हो गए थे।

**तीसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.2 फीसदी रहने का अनुमान**

# देश की अर्थव्यवस्था का खराब दौर बीता

**नई दिल्ली।** अर्थव्यस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। जर्मनी की ब्रोकरेज फर्म ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की दिशा में सबसे खराब दौर अब समाप्त हो गया है। डॉयचे बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.2 फीसदी रहने की उम्मीद है।




डॉयचे बैंक ने जारी रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में जीडीपी की वृद्धि 5.4 फीसदी थी, जो पिछली सात तिमाहियों में सबसे कम थी। इसके बाद 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रहने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल में जारी होने वाले आधिकारिक आर्थिक आकंड़ों से पहले हमें भविष्यवाणियों को लेकर सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि पिछले वित्त वर्षों के आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही का जीडीपी का आंकड़ा 28 फरवरी को जारी किया जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अप्रैल-जून तिमाही में 6.7 फीसदी रही, लेकिन आम चुनावों के कारण सरकार के पूंजीगत व्यय में कमी तथा कमजोर उपभोग मांग की वजह से जुलाई-सितंबर तिमाही में यह धीमी होकर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 फीसदी पर आ गई थी।

# झारखंड में 28 और एक मार्च को होगी बारिश

**रांची।** राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में 28 फरवरी और एक मार्च को हल्की बारिश होने की संभावना है। राज्य के अन्य इलाकों में भी आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। वहीं एक मार्च को उत्तर-पश्चिमी और निकटवर्ती उत्तरी भागों में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि शेष भागों में बादल छाने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी। विभाग के अनुसार गुरुवार को भी राज्य के कई जिलों में आंशिक बादल छाये रहने



की संभावना है। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिन में बादल छाये रहे। इससे दिन में भी ठंड का एहसास हुआ। मंगलवार की तुलना में बुधवार को रांची में तापमान में एक डिग्री की कमी दर्ज की गई। रांची में अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में 31.1 और 16.5, डालटनेगंज में 30.6 और 13.5 तथा बोकारो में अधिकतम 31.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।




# एसपी ने अनंत सनशाइन प्ले स्कूल का किया उद्घाटन

बंशीधर न्यूज

**गढवा :** शहर के नहर रोड में बुधवार को अनंत सनशाइन प्ले स्कूल का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीएम संजय कुमार, डीईओ कैसर रजा एवं भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं फीता काटकर किया। मौके पर एसपी श्री पांडेय ने कहा कि बच्चों का दिमाग सादा कागज की तरह होता है जिसमें शिक्षक शिक्षा रूपी स्याही भरते हैं। उन्होंने कहा कि प्ले स्कूल बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा की शुरूआत होती है। इसमें बच्चे सीखते हैं जो आगे चलकर उनके भविष्य निर्माण में काम आता है। यह प्ले स्कूल बच्चों के नींव में बेहतर साबित होगा। डीईओ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के विकास के लिये शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण हथियार होता है। जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय बचपन ही होता है इसलिये बचपन में शुरूआत अच्छी हो तो आगे चलकर उस बच्चे का सर्वांगीण विकास हो जाता है। भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस स्कूल का खुलना अच्छी पहल है। गढ़वा के लोग मेहनती होते हैं। यहां कम खर्च में शिक्षा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विस्तार में उनका सहयोग हमेशा रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अरुण पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक प्रो पुरुषोत्तम त्रिपाठी ने किया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, विद्यालय के संस्थापक शशिकांत चौबे, सुशील चौबे, दीपक चौबे, पूर्व सांसद घुरन राम, भाजपा नेता शिवकुमार पांडेय, कांग्रेस नेता श्रीकांत तिवारी, भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय, विभाकर पांडेय, झामुमो नेता कामता प्रसाद, प्रताप जायसवाल, अमरेंद्र सिंह, विकास चौबे, गुड्डू पांडेय, डब्लू दुबे, प्राचार्य डॉ दीपक चौबे सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### विधायक अनंत के निर्देश पर निर्माणाधीन कस्तूरबा विद्यालय का लिया जायजा



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत महदेईया में समग्र शिक्षा अभियान के तहत लगभग चार करोड़ की लागत से बन रहे कस्तूरबा विद्यालय, छात्रावास और स्टाफ का आवास निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किये जाने के कारण भवन के कई हिस्सों में दरार के साथ छत से रिसाव होने लगा है। घटिया निर्माण किये जाने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विधायक अनंत प्रताप देव से की। विधायक के निर्देश पर झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ता ने बुधवार को निमार्णाधीन कस्तूरबा विद्यालय पहुंच भवन की स्थिति का जायजा लिया तथा घटिया निर्माण की विभागीय जांच के बाद कार्य कराये जाने की बात कहकर निर्माण कार्य को बंद करा दिया। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने बताया कि पूरे भवन में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विधायक से की थी। विधायक के निर्देश पर भवन के निर्माण कार्य का जायजा लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भवन निर्माण में अनियमितता बरती गई है उससे इस विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ बड़ी घटना घट सकती है। उन्होंने कहा कि भवन के सभी कमरों की स्थिति देखने से पता चलता है कई जगह पर पानी का रिसाव है और घटिया ईट का प्रयोग किया गया है। उधर विधायक अनंत प्रताप देव ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और जांच करा कर दोषी संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराने की बात कही है।

**शिवरात्रि** ▶ श्री वंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन के लिये उमड़ी भीड़, महाशिवरात्रि मेला शुरू

# महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव की गूंज

बंशीधर न्यूज









**श्री बंशीधर नगर :** हर हर महादेव के जयघोष के साथ महाशिवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्री बंशीधर नगर स्थित विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में दर्शन पूजन व जलार्पण के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्री बंशीधर नगर में एक माह तक चलने वाले महाशिवरात्रि मेला का आज से श्रीगणेश हो गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से श्री बंशीधर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिर में प्रातःकाल से ही दर्शन पूजन अर्चन करने के लिये महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ने लगी। भीड़ को संभालने के लिये ट्रस्ट से जुड़े लोगों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दर्शन पूजन व्यवस्थित करने में मंदिर के लोग लगे थे। उधर मंदिर परिसर के बाहर सजी दुकानों तथा ठेलों पर लोगों ने लुफ्त उठाया। महाशिवरात्रि के अवसर पर राजा पहाड़ी स्थित माता पार्वती और शिव मंदिर एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट परिसर में स्थित श्री विश्वनाथेश्वर महादेव मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। शिवभक्त राजकुमार चौबे एवं अन्य श्रद्धालुओं ने उज्जैन से श्रृंगार की सामग्री मंगाकर श्री विश्वनाथेश्वर महादेव का श्रृंगार कर महाकाल का स्वरूप दिया था। उपरोक्त दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन व जलार्पण के लिये प्रातःकाल से ही महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्री विश्वनाथेश्वर महादेव मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अन्य शिवालयों में भी उमड़ी भीड़

अनुमंडल मुख्यालय के चेचरिया में बांकी नदी के तट पर स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर, पाल्हे कला गांव में स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर, जतपुरा में स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर, उसका कला शिव मंदिर, पुरैनी ग्राम स्थित शिव मंदिर, गोसाईबाग स्थित सर्वेश्वरी समूह आश्रम में भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन व जलार्पण के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## रमना के करचा चौपाल के निकट शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

बंशीधर न्यूज



**रमना :** प्रखंड के करचा चौपाल के निकट निमार्णाधीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा पाठ के पश्चात महाशिवरात्रि के दिन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पूर्व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। पंडित संजय कुमार पाठक ने विधिवत पूजा कराया। यजमान में सीताराम साह, मोतीलाल साह, विजय सिंह एवं जितेन्द्र बियार सपत्नी शामिल रहे। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर करचावासी काफी सक्रिय व उत्सुक थे। महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग की स्थापना के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भोले बाबा की जय, हर हर महादेव, जय श्री राम आदि जय घोष करते हुये शिव मंदिर परिसर पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुगण महाप्रसाद ग्रहण किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र बियार, वीरेंद्र बियार, कमलेश विश्वकर्मा, विनय पहाड़िया, सुनील विश्वकर्मा, जयराम बियार, गुड्डू बियार, प्रताप बियार, चंचला देवी, पुष्पा देवी, कुंती देवी, सुषमा कुमारी, शोभा कुमारी, रिया कुमारी, रेखा देवी, पूजा देवी, उषा देवी आदि की अहम भूमिका रही।

## बाबा खोंहर नाथ मंदिर में पूर्व मंत्री ठाकुर ने की पूजा अर्चना



**गढ़वा :** पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के बाबा खोंहर नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर समिति ने पूर्व मंत्री का भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन बाबा खोंहर नाथ का दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने भगवान शिव से सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि जब वे मंत्री थे तब पर्यटन विभाग के माध्यम से इस मंदिर के विकास कार्यों को गति दी थी। इसके बाद पूर्व मंत्री ने सोनपुरवा स्थित शिव मंदिर के समीप आयोजित भव्य भंडारे का उद्घाटन किया। कहा कि महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आये भक्तों के लिये यह आयोजन अत्यंत सराहनीय है। भंडारे का आयोजन में दिलीप प्रसाद कमलापुरी, आशीष कुमार अग्रवाल, उमेश प्रसाद कमलापुरी, शैलेंद्र प्रसाद कमलापुरी, दिनेश प्रसाद कमलापुरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेला का आयोजन

# कड़िया राज बाबा करते हैं मन्नत पूरा

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। शिवरात्रि के मौके पर जहां शिव पहाड़ी गुफा के पास दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। वहीं कड़िया राज बाबा पहाड़ी पर एक दिवसीय मेला के साथ-साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मेले को लेकर दोनों जगहों पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृवत में दोनों जगहों पर पुलिस तैनात रही। वहीं थाना प्रभारी मेला का निरीक्षण करते रहे। पूजा को सफल बनाने में शिव पहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष इंद्रजीत गुप्ता, सचिव राम विजय साह, सह सचिव चंद्रकेश्वर गुप्ता, बबन साह, लाल बहादुर साह, सकेंद्र साह, अरुण साह, ओम प्रकाश आर्य, मोहन साह, विजेंद्र नाथ वैद्या, विनय साह, सुरेश ठाकुर सहित कई लोग लगे है।

### शिव पहाड़ी बाबा पर लोगों की है आस्था

शिव पहाड़ी गुफा में बसे भोले नाथ पर लोगों की खूब आस्था है। लोग महाशिवरात्रि के अवसर पर भूखे प्यासे घंटो लाईन में लग कर गुफा के अंदर प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ का दर्शन करते हैं और अपने सुख शांति की कामना करते हैं। लोगों का कहना है कि 200 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति को भगवान भोलेनाथ ने स्वप्न में कहा था कि वे शिव पहाड़ी के गर्भ में बसे है। उनका पूजा अर्चना किया जाय। उस व्यक्ति ने काफी खोजबीन के बाद इस गुफा का पता लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से श्रद्धालु गुफा में उतरते हैं लेकिन आज तक कोई दुर्घटना नहीं हो सकी है। गुफा में प्रवेश के बाद आप पहाड़ी के तलहटी में करीब डेढ़ सौ फीट नीचे पहुंच जाते हैं। बाहर से पूरी तरह ठोस दिखने वाला यह पहाड़ अंदर से एकदम खोखला है जो गुफा का रूप ले लिया है। शिव पहाड़ी की गुफा के बीच में स्वतः निर्मित भगवान भोलेनाथ का लिंग है। कड़िया राज बाबा भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर सीमा पर लगभग तीन सौ फीट की उंचाई के पहाड़ी पर स्थित हैं। लोगों का मानना है कि कड़िया राज बाबा भवनाथपुर के सीमा पर क्षेत्र की सुरक्षा करते हैं। मानना है कि यहां मन्नत मांगने पर कड़िया राज बाबा भक्तों का मन्नत को पूरा करते हैं। सालों भर लोग यहां पूजा करने आते रहते हैं।

## विधायक ने महाशिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक मेले का किया उद्घाटन

**चैनपुर :** प्रखंड के गांधीपुर शिवघाट मेला समिति की ओर से कोयल नदी के किनारे शिव मंदिर के प्रांगण में भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन विधायक आलोक चौरसिया ने फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में इतना पुराना मेला आज तक लगता आ रहा है ये हम सबके लिये गर्व की बात है।महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आज लोग बाबा भोलेनाथ के विवाह के अवसर पर पूजा पाठ आराधना करते हैं और भगवान से मनवांछित फल की कामना करते हैं। उन्होनें मेला समिति के लोगों को धन्यवाद भी दिया क्योंकि यह मेला कुछ साल से समाप्त हो जा रहा था लेकिन क्षेत्र के कुछ युवाओं ने अभिभावकों के निर्देशन पर पुनः सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मेले को पुनर्जीवित करने का काम किया है। बिहार से पधारे कलाकार अंतरा सिंह प्रियंका तथा पवन बाबू द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किये।



# डॉ भारद्वाज शुक्ल की पुस्तक मैनेजमेण्ट डायनेमिक्स का प्रकाशन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अन्तर्गत विशुनपुरा प्रखंड के दर्जिया गांव निवासी व दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक डॉ भारद्वाज शुक्ल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कॉमर्स एवं मैनेजमेण्ट से सम्बन्धित मैनेजमेण्ट डायनेमिक्स नामक पुस्तक का लेखन किया है, जिसका प्रकाशन आरजी इंटरनेशनल पब्लिकेशन तमिलनाडु के द्वारा किया गया है। इस 211 पेज की पुस्तक में कुल पांच यूनिट हैं, जो मैनेजमेण्ट के विभिन्न महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं। पुस्तक के प्रमुख विषयों में फंडामेंटल्स ऑफ मैनेजमेण्ट, प्लानिंग एंड ऑर्गनाइजिग, स्टाफिंग एंड कंट्रोलिंग, लीडरशिप एंड मोटिवेशन तथा मैनेजेरियल एथिक्स शामिल हैं। यह पुस्तक देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीबीए, बीकॉम, एमकॉम एवं एमबीए के पाठ्यक्रम के लिए एक उपयोगी होगी। डॉ शुक्ल की इस पुस्तक का प्रकाशन कॉमर्स एवं मैनेजमेण्ट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो छात्रों, शिक्षकों और पेशेवरों को मैनेजमेण्ट के विभिन्न पहलुओं को समझने में मदद करेगी। फिलहाल उक्त पुस्तक आर जी पब्लिकेशन के वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन परचेज की जा सकती है जिसका मूल्य 700 रुपये है। अभी तक डॉ शुक्ला के दर्जन भर शोध आलेख विभिन्न जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं जिसमे पियर रिव्यूड के साथ साथ स्कोपस इण्डेक्स जर्नल और यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल्स भी शामिल हैं। इसके साथ ही डॉ शुक्ला का स्कोपस इण्डेक्स बुक सस्टेनेबल मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज फॉर इम्प्लॉयज रिटेंशन एंड रिक्रूटमेंट में इम्पैक्ट ऑफ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग ऑन रिक्रूटमेंट प्रोसेस इन एमएनसीज ऑफ इंडिया एक चैप्टर का भी प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने सितंबर 2024 में भारत सरकार के पेटेण्ट कार्यालय द्वारा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस बेस्ड ूमन रिसोर्स मैनेजमेंट डिवाईस शीर्षक पर पेटेंट डिजाईन का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया है। डॉ शुक्ला के द्वारा विभिन्न समसामयिक विषयों पर समाचार पत्रों में संपादकीय आलेख भी आते रहते हैं।

## शुभारंभ भवन निर्माण का किया गया शुभारंभ

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ भूमि पूजन

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** महाशिवरात्रि के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर में भवन निमार्णार्थ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन मुख्य यजमान के रूप में नगर पंचायत की उपाध्यक्षा व विद्यालय समिति की सदस्या लता देवी ने किया। भूमि पूजन में आचार्य कौशलेंद्र झा तथा आचार्य हिमांशु झा के द्वारा कलश स्थापन, गौरी-गणेश पूजन, महादेव पूजन, लक्ष्मी- सरस्वती पूजन, इन्द्रादिक दशदिक्पाल आवाहन, नवग्रह पूजन, कूर्म देवता, नाग देवता, वास्तु पुरूष आदि देवी-देवताओं का षोडशोपचार पूजन वेदध्वनि के साथ किया गया। हवन, आरती तथा नारिकेल स्फोटन पलामू विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, संकुल संयोजक अरविंद सेंगर, समिति अध्यक्ष जोखू प्रसाद, पूर्व गढ़वा जिला संघचालक विद्या सागर, सदस्य संजीव कुमार सिंह, सदस्य अशोक कुमार सिंह, सहसचिव चंदन कुमार, केतार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, भवनाथपुर बाजार के प्रधानाचार्य जयन्त कुमार, भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य शिवबालक सिंह, अभिभावक दिलेश्वर सिंह, कमलेश कुमार पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के द्वारा किया गया। इस वेला में विद्या मंदिर की बस वाहन क्रय में कंपनी से 15 लाख सहयोग दिलाने के लिये विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद के दामाद अवधेश प्रसाद को पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल द्वारा अंग वस्त्र, रामचरितमानस पुस्तक, श्रीफल और आकर्षक स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। अरविंद सेंगर द्वारा अध्यक्ष जोखू प्रसाद को भी अंग वस्त्र, श्रीफल, रामचरितमानस एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा विद्यालय की उन्नति में बस सेवा प्रदान करने हेतु अवधेश प्रसाद की मुक्त कंठ से प्रशन्सा की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय के विकास में अपना योगदान प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, सत्येंद्र प्रजापति, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, अंकित जैन, उमेश कुमार, प्रसून कुमार, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, रेणु पाठक, नेहा द्वय, सलोनी कुमारी, खुशबू सिंघल, रंजना सिंहा, पल्लवी कुमारी, तन्वी जोशी एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारी रेखा देवी, ललिता देवी, रीना देवी व सुरक्षा प्रहरी सुरेश कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मझिआंव में महायज्ञ के तीसरे दिन हवन व रुद्राभिषेक

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मझिआंव नगर पंचायत के खजूरी गांव के मनोकामनेश्वर शिव मंदिर परिसर में 24 फरवरी से चल रहे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को हवन यज्ञ एवं दीक्षा संस्कार सम्पन्न हुआ। साथ ही शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया गया। यह कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार से आये विद्वान आचार्य सच्चिदानंद तिवारी द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर दीक्षा संस्कार के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि गायत्री परिवार की दीक्षा सूक्ष्म रूप से विद्यमान गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य खुद दिला रहे हैं, हम तो बस एक माध्यम भर हैं। उन्होंने कहा कि कालांतर में विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारी सनातन संस्कृति को नष्ट करने का भरसक प्रयास किया। जिसके कारण हमेशा दिन में हो रही बहन बेटियों की शादी आतताईयों के भय से चोरी छिपे रात्रि में होने लगे। उन्होंने कहा कि दुःख तो तब होता है जब हमारे बीच के सनातनी उन्ही आतताईयों की भाषा बोलते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि गुरुदेव ने गायत्री महामंत्र को सबके लिये सुलभ बना दिया है। इसका जाप करने से उसके घर में अकाल मृत्यु नहीं होती है। यह महामंत्र कामधेनु के समान है, इसका लाभ उठावें। इस दौरान खजूरी, बीरबंधा, बकोईया, आमर, लकड़ही, बोकेया एवं मझिआंव सहित आधा दर्जन गांवों सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा हवन यज्ञ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने दीक्षा ग्रहण किया और सदाचार का संकल्प लेकर युग परिवर्तन की इस बेला में खुद को बदलने का संकल्प लिया।

## न्यूज अपडेट्स

### रूस यूक्रेन युद्ध में चुनौतियों के गर्भ से चिकित्सक का हुआ जन्म : अविनाश देव



**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र रौशन सोनी जो मूलत: गढ़वा के निवासी है। रौशन संत मरियम विद्यालय से 2014 में पासआउट हैं। बोकारो से इंटर साइंस और कोटा से मेडिकल इंट्रेंस निकाल कर सरहद पार के मुल्क यूक्रेन में दाखिला लिया। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौटा और आते ही सबसे पहले गुरु के पांव छुआ मिठाई खिलायी और अपनी आप बीती बताई। रौशन सोनी ने कहा भैया यूक्रेन में मेरा कोई नहीं था शुरूआती सत्र में शानदार सफलता मिली, साहस के साथ रहा। मेरा सपना हिचकोला लेता रहा मेडिकल की पढ़ाई में मन लगता रहा। एकाएक खबर आया रुस यूक्रेन में जंग का ऐलान हो गया है, सप्ताह भी नहीं बिता और बम के बज्रनाद कान के चदरें को चीथड़ा करने लगा। हिम्मत हार गया और हिंदुस्तान के लिये हवाई जहाज पकड़ लिया। मातृभूमि को चूमा खुली आसमान को देखा और जिंदगी को खैर मांगा। पुन: कॉलेज ज्वाईन किया और संत मरियम विद्यालय के हॉस्टल में मिले संस्कार शिष्टाचार और मोटिवेशन हिम्मत हौसला तन्हा जीवन में काम आया। अविनाश भैया का बताया बात जीवन में आज सूत्र की तरह काम आ रहा है। अकेला में किताब गुरु मां पिता के बताये रास्ता ही काम आया। भारत के इंटर्नशिप इम्तिहान पास कर आज डॉक्टर रौशन आपके सामने हूं। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए संत मरियम विद्यालय हमेशा तत्पर है। हमारी कोशिश है हमारे बच्चे हर क्षेत्र में अपना सफलता के परचम लहराएं।

## डोर टू डोर अभियान चलाकर पीएलवी ने दी जानकारी



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिले के मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा गांव के टिकुलडीहा टोला में डोर टू डोर अभियान चलाया गया। इस दौरान दो सदस्यीय टीम स्व ललन पासवान के घर पहुंची। जिनकी मौत गंभीर बीमारी से हो गई थी। उनके सात बच्चे है जो नाबालिग हैं। जिनमें छह पुत्री एवं एक पुत्र है। पीएलवी ने बताया कि इनलोगों को सरकार के द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है। उनको सरकार के द्वारा संचालित लालन पालन स्पांसरशिप योजना की जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यक कागजात बनवाने के लिये कहा गया। पीएलवी ने उन्हें हर संभव मदद दिलाने की कोशिश की। मौके पर पीएलवी सुधीर चौबे, पीएलवी रमा शंकर चौबे सहित कई अन्य मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भीड़



**रमना :** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के मंदिरों और शिवालयों में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मड़वनिया के सुखड़ा शिव मंदिर में चुंडी मंदिर में पूजा-अर्चना के लिये सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु दंपतियों ने मनोकामना पूर्ण होने के पश्चात महाशिवरात्रि के दिन कथा का श्रवण किया तथा मंदिर परिसर में लगने वाले मेले का आनंद उठाया। ज्ञात हो कि सुखड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में प्रति वर्ष महाशिवरात्रि के दिन मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमे आस पास के दर्जनों गांव के लोग मेला में भाग लेते हैं। मेला के सफल आयोजन में अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सचिव राम नारायण ठाकुर, कोषाध्यक्ष विजय यादव, उमाशंकर यादव, अजय यादव, नरेंद्र ठाकुर, रवींद्र ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अर्टिगा कार खड़ी कंटेनर से टकराई एक गंभीर, दूसरा घायल



**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी लगमा के बीच एनएच 75 पर बुधवार प्रातः करीब 3:30 बजे एक अर्टिगा कार खड़ी कंटेनर से टकरा गई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर हो गया। जबकि गाड़ी को ड्राईव कर रहे शिक्षक घायल हो गये। जानकारी के अनुसार तेनार हाईस्कूल के शिक्षक रितेश भगत अपनी नई अर्टिगा कार से मेराल बस स्टैंड स्थित गुप्ता सेनेटरी के प्रोपराईटर मुन्ना प्रसाद गुप्ता तथा उनकी पत्नी अनीता देवी, बेटा मयंक तथा बेटी साक्षी के साथ हैदर नगर एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। घर पहुंचने से दो किलोमीटर पहले ही गाड़ी के ड्राईव कर रहे शिक्षक रितेश भगत को झपकी आ गई और अकलवानी लगमा के बीच संतोष उरिया पंप के समीप रोड किनारे खड़ी कंटेनर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतना जोरदार हुआ कि अर्टिगा कार ट्रक में ही फस गई। इस हादसे में अगली सीट पर बैठे मुन्ना प्रसाद गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। गाड़ी की टक्कर होने के बाद यर बैग खुला परंतु कार के बाएं तरफ का अगला पोर्शन ट्रक में घुस गया जिसके चेचिस से मुन्ना के चेहरा में गंभीर चोट लग गई जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये। हादसे में मुन्ना की पत्नी तथा बच्चे सुरक्षित हैं। घटना के बाद मुन्ना का पुत्र मयंक परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल मुन्ना तथा शिक्षक रितेश को गढ़वा सदर अस्पताल ले गये जहां से मुन्ना की गंभीर स्थिति को देखते हुये प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स के लिये चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। वहीं रितेश भगत का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है वे खतरे से बाहर हैं। थाना पुलिस द्वारा घटनास्थल से कंटेनर में फंसी कार को उसी तरह थाना पर लाया गया है।

## प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने किया कमाल

# ऑग्जिनिम जोड़ लगाने वाला पहला हॉस्पिटल बना निर्मला अस्पताल

बंशीधर न्यूज



डॉ •प्रवीण सिद्धार्थ


**मेदिनीनगर :** निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर ऑग्जिनिम से बना जोड़ लगाने वाला पहला अस्पताल बन गया है। अस्पताल के निदेशक एवं प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बुधवार को इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। पलामू जिले के ही एक व्यक्ति के बुरी तरह से खराब हो चुके घुटने को ऑग्जिनिम से बने कृत्रिम घुटने से बदला गया। इस कीर्तिमान के बारे में विस्तार से बताते हुये डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि ऑग्जिनिम एक अतिविशिष्ट प्रकार का धातु है जो कि ऑक्सीडाइज जिर्कोनीयम का विशुद्ध रूप है। इस धातु को विशेष प्रकार से उच्च तापमान पर गर्म कर के बनाया जाता है जिससे कि इसमें ज्यादा मजबूती और गुणवत्ता आ जाती है। इस धातु से बने जोड़ लंबे समय तक खराब नहीं होते और मरीजों के पूर्ण रूप से बदल दिये गये घुटने, कुल्हे, कोहनी आदि का जीवन ज्यादा होता है। डॉ सिद्धार्थ ने बताया कि निर्मला अस्पताल में अब तक हजारों मरीजों के पूरी तरह से खराब हो चुके जोडों को पूर्ण प्रत्यारोपण के जरिये बदला गया है। लेकिन ये पहली बार है कि पलामू में पहली बार किसी मरीज के घुटने में ऑग्जिनिमष से बने कृत्रिम घुटने लगाये गये हों। ऑग्जिनिम से बने इम्प्लांट को प्रसिद्ध अमेरिकी कंपनी स्मिथ एन्ड नेफ्यू ने काफी रिसर्च के बाद बनाया है। ये पहली बार है कि इस क्षेत्र में इसका प्रयोग किया गया है। वैसे सामान्य कृत्रिम जोड़ 15 से 25 साल चलते हैं लेकिन ऑग्जिनिम से जोड़ों की उम्र और गुणवत्ता इससे कहीं ज्यादा होगी। इसकी मदद से मरीज आजीवन दर्द रहित जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि निर्मला अस्पताल को विशेषज्ञ जोड़ प्रत्यारोपण सेंटर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



## अभिनेता गोविंदा-सुनीता के तलाक की खबरों पर वकील ने किया बड़ा खुलासा

पिछले कई दिन से अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के तलाक की खबरें सुर्खियों में बनी हुई थीं। कहा जा रहा था कि 38 साल पुरानी शादी अब टूटने के कगार पर है। इसके साथ ही यह अफवाह भी फैली कि गोविंदा का एक अभिनेत्री के साथ अफेयर था, जिस पर सुनीता ने खुद प्रतिक्रिया दी थी। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि गोविंदा और सुनीता अलग-अलग घरों में रह रहे थे। हालांकि, अब इन खबरों पर विराम लगाते हुए गोविंदा के वकीलों ने सच्चाई उजागर की है। गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने तलाक की चर्चा के बाद अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, लेकिन अब गोविंदा के वकील और पारिवारिक मित्र ललित बिंदल ने बताया, गोविंदा की पत्नी सुनीता ने छह महीने पहले तलाक के लिए अर्जी दी थी, लेकिन बाद में उनके बीच चीजें सुधर गईं। अब वे फिर से साथ हैं और उनका रिश्ता और भी मजबूत हो गया है। गोविंदा के वकील के इस खुलासे के बाद गोविंदा और सुनीता आहूजा के तलाक की चचाओं पर विराम लग गया है। हालांकि, दोनों में से किसी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। गोविंदा फिलहाल अपनी आगामी फिल्म की तैयारी में व्यस्त हैं। दोनों की शादी को 37 साल हो गए हैं। उनकी एक बेटी टीना और एक बेटा यशवर्धन है।

## 'मन्नत' छोड़कर किराए के घर में शिफ्ट होंगे शाहरुख खान



शाहरुख खान और गौरी खान का शानदार बंगला 'मन्नत' हमेशा सुर्खियों में रहता है। अब खबर है कि शाहरुख खान मई से पहले 'मन्नत' खाली करने वाले हैं। वह अपने परिवार के साथ कुछ महीनों के लिए बांद्रा इलाके में किराए के एक घर में शिफ्ट होंगे, जिसका किराया हर महीने लाखों में होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक भव्य और खूबसूरत भवन की कीमत करीब दो सौ करोड़ रुपये है। हाल ही में शाहरुख खान ने पाली हिल, बांद्रा में स्थित 'पूजा कासा' बिल्डिंग में दो लग्जरी डुप्लेक्स अपार्टमेंट किराए पर लिए हैं। ये अपार्टमेंट जैकी भगनानी और उनकी बहन दीपशिखा की संपत्ति हैं। शाहरुख और उनका परिवार अगले दो साल तक इसी घर में रहेंगे। इस दौरान किंग खान को हर महीने 24 लाख रुपये किराया देना होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नए घर में शाहरुख के परिवार के अलावा उनकी सुरक्षा टीम और स्टाफ भी रहेगा। शाहरुख खान अपने आइकॉनिक बंगले 'मन्नत' को और भी भव्य बनाने जा रहे हैं। इसे लेकर गौरी खान ने पिछले साल महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण को एक अर्जी भी दी थी। खबरों के मुताबिक, शाहरुख 'मन्नत' की मौजूदा छह मंजिलों के ऊपर दो और मंजिलें बनवाने की योजना बना रहे हैं, जिससे यह बंगला और भी शानदार हो जाएगा। इस नए कंस्ट्रक्शन की अनुमानित लागत 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। फिलहाल, इस रेनोवेशन के चलते शाहरुख और उनका परिवार कुछ समय के लिए किराए के घर में शिफ्ट हो रहा है।

## महाकुम्भ में शिवरात्रि पर्व पर उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम



# हर हर महादेव के जयकारे से गूंजता रहा शिवालय

बंशीधर न्यूज

**मेराल :** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को प्रखंड के सभी शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। कई जगह जल यात्रा निकाली गई तो कई जगह शिव पार्वती विवाह, रुद्राभिषेक तथा हवन पूजन सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो कई जगह मेला भी लगा। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में शिव पार्वती विवाह, रुद्राभिषेक हवन पूजन के पश्चात महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। यहां दोपहर बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत के देखरेख में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण किये। यहां पूजन तथा भंडारे में मुख्य रूप से आरक्षी राजू कुमार दुबे, मुंशी विमलेश प्रसाद, संजय प्रसाद, अजय प्रसाद गुप्ता, डॉ विजय कुमार यादव, मदन प्रसाद, जहूर रंगसाज सहित थाना परिवार के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं मुड़ल टोला शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ मुखिया रामसागर महतो, बीडीसी छाया कुमारी, पंचायती राज विभाग के प्रियंका कुमारी, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी आदि के द्वारा किया गया। कलश यात्रा को सफल बनाने में सत्येन्द्र चौधरी, सुदर्शन, नागेन्द्र, कामेश्वर, वीरेंद्र, श्याम सुंदर, रमेश, अर्जुन, राजेश, कमलेश कुमार चौधरी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही पूवार्रा टोला में मुखिया रामसागर महतो, अरविंद महतो, विनोद कुशवाहा, सुनील कुमार आदि के नेतृत्व में जल यात्रा निकाल कर हड़ही पहाड़ स्थित शिव स्थान शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। यहां प्रत्येक वर्ष की भांति मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा मेराल बाजार प्राचीन शिव मंदिर, स्टेशन रोड शिव मंदिर, हाईस्कूल शिव मंदिर सहित अन्य सभी शिवालियों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव एवं माता पार्वती का दर्शन पूजन करते देखे गये।



## सभी शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़



**धुरकी :** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को प्रखंड के सभी शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। कई जगह जल यात्रा निकाली गई तो कई जगह शिव पार्वती विवाह, रुद्राभिषेक तथा हवन पूजन सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो कई जगह मेला भी लगा। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में शिव कीर्तन भजन के साथ, रुद्राभिषेक हवन पूजन के पश्चात महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। यहां दोपहर बाद थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के देखरेख में भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं आंबाखोरेया पंचायत के बरसोती गांव के वार ढोढा शिव मंदिर के प्रांगण में पूजा अर्चना के बाद श्री शिव विवाह का मंचन किया गया, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मेले का शुभारंभ अंबाखोरेया मुखिया पति हरि लाल सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया तथा टाटीदीरी स्थित शिव मंदिर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। गनियारी कला पंचायत के शिव मंदिर में यहां प्रत्येक वर्ष की भांति मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा रक्सी शिव मंदिर व कदवा उर्फ लिखनी धौरा शिव मंदिर खाला, शिव मंदिर मिरचईया शिव मंदिर सहित अन्य सभी शिवालियों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव एवं माता पार्वती का दर्शन पूजन करते देखे गये।

## संतों ने हमेशा समाज को दिखाई सही राह : मुर्मु

**छतरपुर/भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों अपने कर्म और



वाणी से जन मानस को राह दिखाई है। सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई है। अंधविश्वास के बारे में लोगों को जागरूक किया है। चाहे गुरुनानक हों, रविदास हों या संत कबीर दास हों, मीराबाई हों या संत तुकाराम, सभी ने समाज को सही राह दिखाई है। राष्ट्रपति ने यह बातें बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी जोड़ों को बधाई देती हूं। सभी को सुखमय जीवन की शुभकामनाएं। आपको विवाह सूत्र में बांधने वाले बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को धन्यवाद देती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि विवाहित जोड़ों को स्वावलंबी बनाने के लिए गृहस्थी के सामान के साथ-साथ जीवनयापन के लिए आटा चक्की और सिलाई मशीन भी दी जा रही है। सभी महिलाओं से कहना चाहूंगी कि आप आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। जब आप सफल होंगी तभी हमारा समाज और देश सफल होगा।

Hit लिस्ट

## केदारनाथधाम के कपाट दो मई को खुलेंगे

**देहरादून/उखीमठ।** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को प्रातः सात बजे बैशाख, मास, मिथुन राशि, वृष लग्न में



विधि-विधान से खुलेंगे। कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर आज ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में केदारनाथ धाम रावल भीमाशंकर लिंग और सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धमार्चायों और वेदपाठियों ने पंचांग गणना पश्चात विधि-विधान से केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस मौके पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, दायित्व धारी चंडीप्रसाद भट्ट व बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित पंचगाई समिति के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में बोलेरो-कंटेनर की टक्कर में चार की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बुधवार दोपहर को बोलेरो और कंटेनर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई।



दुर्घटना में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कंटेनर में आग लगी दी। बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार लोग महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। सीतापुर पुलिस के अनुसार बोलेरो वाहन में 11 से अधिक लोग सवार थे, जो जशपुर जिले के किलकिला स्थित भोलेनाथ मंदिर में दर्शन कर अपने गांव रेवापुर (दरिमा) लौट रहे थे। सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बालमपुर में मुख्य मार्ग एनएच-43 पर विशुनपुर प्लांट के पास बुधवार दोपहर को बोलेरो की एक कंटेनर से टक्कर हो गई।

### चिपको आंदोलन के प्रमुख सुंदरलाल बहुगुणा की पत्नी के श्राद्ध में शामिल होने देहरादूर पहुंचे डा. कौशल किशोर जायसवाल

# पर्यावरणविद ने स्व विमला बहुगुणा के आवास देहरादून में लगाया चंदन का पौधा

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने शिवनारायण बिहार माजरी माफी मोहकमपुर में भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पदमविभूषित स्व सुंदरलाल बहुगुणा की पत्नी विमल बहुगुणा के श्राद्ध में उनके निवास उत्तराखंड के देहरादून में उनके नाम का कर्नाटक के लाल चंदन का पौधा पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ लगाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया। डॉ कौशल ने कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण-चिन्तक एवं चिपको आन्दोलन के प्रमुख नेता थे।



उन्होने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिये आजीवन संघर्ष किया। इस कार्य में उनकी पत्नी विमल बहुगुणा जीवन भर साथ दिया। उन्होंने कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके अन्दोलन से जुड़ी हुई थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आन्दोलन से जुड़े रहे और 1980 के दशक से 2004 तक के दशक में टिहरी बांध के निर्माण के विरुद्ध आन्दोलन से जुड़े रहे। बहुगुणा भारत के आरम्भिक पर्यावरण प्रेमियों में से एक थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा जी ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे। बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत का केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। डॉ कौशल ने कहा कि बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा, चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था। श्री जायसवाल ने उपस्थित लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों का पालन करने का शपथ दिलाया। उस मौके पर स्व विमला बहुगुणा के पुत्र प्रदीप बहुगुणा, राजू नयन बहुगुणा, गिरीश बहुगुणा, पुत्री डॉ मधु पाठक, दामाद डीपी नोनियाल, बहू डॉ मंजू बहुगुणा, रंजीत बहुगुणा, मनजीत रावत, राज्य मंत्री उत्तराखंड बीनिउनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय टिहरी गढ़वाल, उमेश शर्मा विधायक रायपुर, ममता चमोली, सुनीता जोशी, डॉ डीपी नोनियाल, पंडित मोहन, सूरज नौटियाल, सूरज जायसवाल आदि शामिल थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)